प्रेस नोट दिनांक 19.10.2024 जनपद प्रतापगढ़

थाना एएचटीयू जनपद प्रतापगढ़

-अभियान मिशन शक्ति फेज-05 एवं अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध/आपरेशन बचपन/बालश्रम मुक्त/बंधुआ मजदूरी/ बालभिक्षावृत्ति/ बाल विवाह/ EVAWCH रोकथाम-

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज-05 एवं अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध/आपरेशन बचपन/बालश्रम मुक्त/बंधुआ मजदूरी/ बालभिक्षावृत्ति/ बाल विवाह/ EVAWCH रोकथाम के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी/नोडल अधिकारी संजय कुमार राय प्रतापगढ़ के पर्यवेक्षण में थाना ए0एच0टी0 प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह यादव मय हमराह उ0नि0 रामचन्द्र राम, का0 तौसीफ रजा, का0 आलोक कुमार सिंह के साथ थाना कोहड़ौर व थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत होटल/ढ़ाबा/गैराज/पटाखा गोदाम आदि को चेक किया गया।

-चेकिंग के दौरान कुल 01 नाबालिक बच्चें को बालश्रम से मुक्त कराया गया एवं नियोजक को हिदायत दिया गया कि नाबालिक बच्चों से बालश्रम कराना कानूनन अपराध है।

-चेकिंग के दौरान दुकानदारों को कोटपा एक्ट 2003 के तहत आवश्यक हिदायत दिया गया तथा बताया गया कि सरकारी भवन/ शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के परिधि में गुटखा/तम्बाकू आदि नशीले पदार्थ न बेचें। साथ ही “Women and Children First” & Ending Violence Against Women and Children(EVAWCH) क्रम में बालक/बालिकाओं को आवश्यक जानकारी दी गई व जागरुक किया गया।

थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़

गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, जो लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त था-

-एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में गैंगस्टर एक्ट का 01 अभियुक्त गिरफ्तार

-एएसपी पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज के नेतृत्व में गैंगस्टर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दी जा रही थी दबिश

-गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त की सुरागरसी पतारसी आरक्षी अतुल कुमार दुबे थाना देल्हूपुर द्वारा की जा रही थी आरक्षी अतुल कुमार दुबे के अथक प्रयास से गैंगस्टर अरबाज अली को गिरफ्तार किया गया-

-आरक्षी अतुल कुमार दुबे के सराहनीय कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ महोदय द्वारा आरक्षी अतुल कुमार दुबे को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया

-गैंगस्टर अरबाज अली पुत्र समीम अहमद निवासी ग्राम कौलापुर नन्दपट्टी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ के विरूद्ध थाना देल्हूपुर में गम्भीर धाराओं अभियोग अभियोग पंजीकृत है

-थाना देल्हूपुर पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत कब्रिस्तान बाग मदईपुर से अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

प्रतापगढ़।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी कार्यवाही/ अभियान के तहत जनपदवासियों की सूरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष देल्हूपुर श्री धनंजय राय के नेतृत्व में थाना देल्हूपुर पर दिनांक 08.10.2024 को **मु0अ0सं0 150/2024 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 बनाम 03 अभियुक्त, 1- (गैंगलीडर) मो0 मुस्लिम व (गैंग के सदस्य) 2- अरबाज अली 3- सद्दाम के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।**

गैंगस्टर की गिरफ्तारी हेतु थाना देल्हूपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी चेकिंग व अभियुक्त के संभावित स्थानों पर वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जानकारी कर दबिश दी जा रही थी-

इसी क्रम में दिनांक 18.10.2024 को क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थानाध्यक्ष देल्हूपुर श्री धनंजय राय मय हमराह का0 अतुल कुमार दुबे, का0 सर्वेश कुमार पाण्डेय एवं सर्विलांस सेल से का0 प्रवीन नयन, का0 सनोज कुमार, का0 अनुपम पाथरे की संयुक्त कार्यवाही के दौरान देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी, विवेचना के दौरान गैंगस्टर अरबाज अली पुत्र समीम अहमद निवासी ग्राम कौलापुर नन्दपट्टी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना देल्हूपुर पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत कब्रिस्तान बाग मदईपुर से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01. गैंगस्टर अरबाज अली पुत्र समीम अहमद निवासी ग्राम कौलापुर नन्दपट्टी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।

गैंगस्टर अरबाज अली पुत्र समीम अहमद निवासी ग्राम कौलापुर नन्दपट्टी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ का आपराधिक इतिहास-

01. मु0अ0सं0 76/24 धारा 394/506 भा0द0वि0 थाना देल्हूपुर, जनपद प्रतापगढ़।

02. मु0अ0सं0 80/24 धारा 307 भा0द0वि0 थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़।

03. मु0अ0सं0 81/24 धारा 307(पु0मु0)/399/402/411/420/465 भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़।

04. मु0अ0सं0 150/2024 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीमः-

थानाध्यक्ष देल्हूपुर श्री धनंजय राय मय हमराह का0 अतुल कुमार दुबे, का0 सर्वेश कुमार पाण्डेय थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़।

सर्विलांस सेल- का0 प्रवीन नयन, का0 सनोज कुमार, का0 अनुपम पाथरे जनपद प्रतापगढ़।